गंदगी से खतरे में कुरुमवासियों की जान

▶▶मलेरिया, टाइफाइड तथा स्क्रब टायफस जैसी फैल रही बीमारियां
▶▶साफ सफाई की ओर ग्राम पंचायत की अनदेखी

संवाददाता, 22 सितंबर
कुरुम - मुर्तिजापुर तहसील अंतर्गत आने वाले कुरुम परिसर में इन दिनों गंदगी का आलम होने से यहां के नागरिकों की जान खतरे में पड़ गई है. नालियों का गंदा पानी सड़कों पर रेंग रहा है. हर मोहल्ले में जगह-जगह कचरे के ढेर पड़े नजर आते हैं. इन दिनों बारिश का मौसम होने से कचरा सड़ कर गांव में बदबू फैलती है. जिसके चलते मच्छरों की पैदावार बढ़ने लगी है. गंदगी और मच्छरों के कारण कुरुम परिसर में मलेरिया, टाइफाइड तथा स्क्रब टायफस जैसी भयानक बीमारियां बड़े पैमाने पर जन्म ले रही हैं. जिससे कुरुमवासियों का भविष्य खतरे में पड़ गया है. गांव में भय का वातावरण निर्माण हो गया है. इसकी लिखित शिकायत शुक्रवार को यहां के एक बुजुर्ग नागरिक पुरूषोत्तम राठी ने ग्राम पंचायत के सचिव मुनेश्वर से की है.



ग्राम पंचायत है कि शिकायत देने के बावजूद इन भयानक समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है. यहां का स्वास्थ्य विभाग भी कुछ करने तैयार नहीं है. बता दें कि, यहां की एक 50 वर्षीय महिला को स्क्रब टायफस जैसी भयानक बीमारी के कारण अपनी जान गंवानी पड़ी. इससे पहले भी जामठी गांव में भी एक महिला को स्क्रब टायफस जैसी बीमारी का शिकार होना पड़ा था. जिसका इलाज अमरावती में किया गया था. अगर वक्त पर उपाययोजना नहीं की गई तो पूरे कुरुम परिसर में खतरनाक बीमारी फैलने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा.

अक्स अंचल का

बाल गणेश मंडल में रक्तदान शिविर

वाशिम- जानकी नगर स्थित बाल गणेश मंडल में सामाजिक उपक्रम के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें युवाओं ने उत्स्फुर्त प्रतिसाद देते हुए रक्तदान किया. मयूर सचदेव, स्वप्निल इंगोले, श्याम खाजबागे, रोहित काले, नीलेश सोमाणी, अन्नपूर्णा बोरकर, उलेमाले, विमल साबले, खानझोडे उपस्थित थे.

संत निरंकारी फाउंडेशन का रक्तदान

आकोट- राजदे प्लॉट स्थित सिंधी कॉलोनी में सेत निरंकारी सत्संग भवन में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन दिल्ली की स्थानीय शाखा की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में 104 ने रक्तदान किया. सतरामदास पारवाणी, डॉ. अनिकेत काकडे, डॉ. श्यामकांत पाथरवट, डॉ. अनुप गोसावी, सतिश उकर्डे, ज्योति गवई, संतोष सिरसाठ, रुपेश तायडे उपस्थित थे.

ग्राम मंडल चुनाव में बुले व आढे विजयी

आकोट- तहसील के केलीवेली ग्राम मंडल के चुनाव में अध्यक्ष के रूप में किशोर बुले व उपाध्यक्ष पद पर भगवान आढे सर्वाधिक मत लेकर विजयी हुए. तहसीलदार विश्वनाथ घुगे, चुनाव निर्णय अधिकारी राजेश गुरव, उपविभागीय पुलिस अधिकारी सुनील सोनवणे, दहीहांडा थानेदार देशमुख सहित राजस्व व पुलिस विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे.

क्विकर

आयुष्यमान भारत प्रधानमंत्री योजना का लोकार्पण आज

यवतमाल- परिवार को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपए की स्वास्थ्य सेवा सुरक्षा कवच देने हेतु भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना का जिलास्तर लोकार्पण समारोह रविवार, 23 सितंबर की दोपहर 12 बजे आयोजित किया है. नियोजन सभागृह में होने वाला लोकार्पण समारोह में केंद्रीय गृहराज्यमंत्री हंसराज अहिर, पालकमंत्री मदन येरावार, सहपालमंत्री संजय राठोड सहित सांसद, विधान परिषद व विधानसभा सदस्य उपस्थित रहेंगे. उक्त योजना से जिले के 3 लाख 86 हजार 544 परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए बीमा सरंक्षण प्राप्त होगा. उक्त जानकारी जिलाधीश डॉ. राजेश देशमुख ने दी है.

प्रशासकीय प्रशिक्षण कार्यशाला कल

वाशिम-मुख्याध्यापक संघ के प्रयास व यशदा पूणे द्वारा एक दिवसीय प्रशासकीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार, 24 सितंबर को स्थानीय शिवाजी हाईस्कूल में किया गया. सुबह 10 से 5 बजे दौरान शिक्षणाधिकारी तथा मुख्याध्यापक संघ के संयक्त तत्वावधन में जिले के अनुदानित शाला के मुख्याध्यापक व लिपिक का एक दिवसीय प्रशासकीय प्रशिक्षण रहेगा. प्रशिक्षण में प्रमुखता से नरले, प्रतिभा तायडे, नागरे, प्रकाश वानखडे, ठाकरे आदि मार्गदर्शन करेंगे. कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आह्वान मुख्याध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष विनोद नरवाडे ने किया.

12 घंटे के भीतर पकड़े गए चोर

माना- खिनखिनी स्थित समृद्ध जीवन दूध डेयरी लिमिटेड कंपनी से 20 सितंबर को चोरों ने सिलेंडर, इनवर्टर, कंप्यूटर, शौचालय के 5 दरवाजे, कुर्सियां, मिक्सर, बर्तन, टेबल और सीलिंग फैन सहित 1,05,300 रुपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया था. कंपनी के वॉचमैन समाधान हरीभाऊ गवई ने घटना की शिकायत दर्ज कराई थी.

माना पुलिस ने शुक्रवार को पेट्रोलिंग के दौरान सुबह 5 बजे समाधान शंकर मनोहर (45, अकोली जहांगीर) और संजय किशन वक्रे (36, माना निवासी) की तलाशी ली जिसमें उनके पास चोरी के सामान मिले. पूछताछ में पहले तो दोनों ने गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस द्वारा सख्ती दिखाने के बाद दोनों ने राज उगल दिया. पुलिस ने दोनों के पास से मोटरसाइकिल क्रमांक एमएच-27/बीए-3412 और मोबाइल जब्त तक किया. बाद में पुलिस ने चोरों की निशानदेही पर चोरी का उक्त पूरा सामान बरामद किया. दोनों आरोपियों को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया था, जहां से उन्हें 24 सितंबर तक पीसीआर पर भेज दिया गया. 12 घंटे के भीतर चोरों को गिरफ्तार करने पर माना पुलिस की सर्वत्र सराहना की जा रही है.

रोटरी द्वारा सेनेटरी नेपकीन मशीन भेंट

आर्वी- रोटरी क्लब आर्वी की ओर से मॉडल हाईस्कूल में सेनेटरी नेपकिन मशीन भेंट की गई. मुख्याध्यापक अभय दर्भे, राजीव शर्मा, सुभाष यादव, सुधीर पुरोहित, संदीप मुडे, सचिव श्वेता अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, सुनीता कदम, गीता वेरुलकर व रोटरी के सदस्य उपस्थित थे.

दवा देते ही मरीजों को हुआ रिएक्शन

प्रतिनिधि, 22 सितंबर
अकोला - शासकीय मेडिकल कॉलेज व सर्वोपचार अस्पताल के वार्ड क्रं.6 में भर्ती मरीजों पर औषधोपचार करते ही उन्हें ठंड लग रही है, ऐसा मामला सामने आया.सरकारी मेडिकल कॉलेज व सर्वोपचार अस्पताल गरीबों के लिए बड़ा आधार है. वाशिम व बुलढाणा जिले से भी यहां बड़ी तादाद में मरीज पहुंचते हैं, लेकिन सुविधाओं के अभाव में मरीजों को बड़ी तकलीफें होती है. अस्पताल के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा ठीक से बर्ताव नहीं किया जाता, ऐसा आरोप रिश्तेदारों ने लगाया है. 15 दिनों पूर्व एक मरीज की गलत औषधोपचार से मौत होने का आरोप लगाकर रिश्तेदारों ने अस्पताल में ही ठीया लगाकर संबंधितों पर कार्रवाई की मांग की थी. पुलिस की मध्यस्थता के बाद यह मामला शांत हुआ था. इसी दौरान 19 सितंबर की शाम के समय अस्पताल के स्टाफ ने औषधि देते ही 5-6 मरीजों को ठंडी लगने लगी.

मामला सर्वोपचार अस्पताल का

रिश्तेदारों ने संबंधित स्टाफ के साथ संपर्क कर उन्हें यह बताया. इसी दौरान फिलहाल संक्रामक बीमारियों का दौर शुरु रहने के कारण कई मरीजों को औषधि, सलाईन से ऐसे मामले हो रहे हैं, ऐसा कहना है डॉक्टरों का. डॉ. मुकुंद अष्टपुत्रे ने बताया कि चार मरीजों को आईडेंटीफाय किया गया है.

उन्हें किस कारण से रिएक्शन हुआ है, इसकी जांच की जाने वाली है. जांच करने के बाद निश्चित कारण पता चलेगा. इसकी रिपोर्ट वरिष्ठों के पास प्रस्तुत की जाने वाली है.

किसानों के समक्ष करें नुकसान का सर्वे

सांसद भावना गवली ने दिए कृषि विभाग को निर्देश

प्रतिनिधि, 22 सितंबर
यवतमाल - सिंचाई के आखिरी माह में यवतमाल जिले में फसलों को बारिश की निहायत जरुरत थी, मगर बारिश नहीं हुई. जिससे खेतों में सोयाबीन की फसल की बहुत खराब हालात हो गई है. ऐसी स्थिति में अब किसानों को केवल फसल बीमा राशि की मदद का आधार ही है. इसलिए कृषि विभाग के संबंधित अधिकारी कार्यालयों में बैठ फसल का सर्वे न करें, बल्कि किसानों की मौजूदगी में उनके खेतों में पहुंचकर वहां फसल क नुकसान का सर्वे करने के निर्देश सांसद भावना गवली ने कृषि विभाग को दिये हैं.

यवतमाल जिले में पिछले वर्ष कपास की फसलों पर बोंड इल्ली के संक्रमण का संकट आया था,

इसलिए किसानों ने कपास को छोड़कर सोयाबीन की बुआई की. लेकिन बीते 1 माह से बारिश गायब होने के कारण सोयाबीन की फसल खतरे में है. बारिश के अभाव में सोयाबीन की फल्लियां तुलना में कम भरी है. लाखों किसानों को पैदावार कम होगी ऐसा दिखाई दे रहा है. इसलिए किसान चिंताओं में घिर गये हैं. सरकार फसल बीमा के माध्मम से मदद करे, ऐसी अपेक्षा किसान व्यक्त कर रहे हैं. फिलहाल जिले में सोयाबीन की कटाई भी शुरु हो चुकी है. अगले सप्ताह यह काम और तेजी से होगा. इसलिए कृषि विभाग जिले में कटाई करने का स्थल, जिस खेत में कटाई होगी उन किसानों के नाम, ऐसी पूरी जानकारी घोषित करें, ऐसे निर्देश भी सांसद भावना गवली ने कृषि विभाग को दिये हैं.

जीपीएस का होगा इस्तेमाल

इस वर्ष कृषि विभाग ने खेत में सर्वे के दौरान जीपीएस का इस्तेमाल करने के निर्देश सरकार ने दिये हैं. एक विशेष एप से यह सर्वे होगा, ऐसी जानकारी मिली है. इस एप का इस्तेमाल 100 प्रतिशत होगा क्या? साथ ही पूरी पारदर्शिता रहेगी क्या? यह कह पाना मुश्किल रहने के कारण कोई भी मशीन का इस्तेमाल किया तो भी सर्वे किसानों की मौजूदगी में ही करें, ऐसे निर्देश सांसद भावना गवली ने दिये हैं.

वन्यप्राणी व मानव संघर्ष पर मार्गदर्शन

गोपाल चिकाटे, 22 सितंबर
तलेगांव (श्यामजीपंत) - आष्टी तहसील में पिछले वर्ष से वन्यप्राणियों के हमले बढ़ने से मानव जीवन को खतरा पैदा हो गया है. इन घटनाओं को रोकने के लिए वनविभाग आष्टी द्वारा गत दिनों वन्यप्राणी व मानव संघर्ष विषय पर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. पिछले एक वर्ष में तहसील के कई किसान वन्यप्राणियों के हमले के शिकार हुये हैं. आष्टी तहसील में बड़े पैमाने पर वनसंपदा है. तहसील के अधिकांश गांव जंगल से सटे हुये हैं. किसानों की जमीनें जंगल से सटी होने के कारण उन्हें अपने खेतों में जाना ही पड़ता है. इस दौरान कई बार वन्यप्राणी उन पर हमला कर देते हैं. कई बार वन्यप्राणियों के हमले में लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है. कई बार वे गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं. पिछले वर्ष भालू के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी तथा 7-8 लोग विकलांग हो गये. इसके अलावा वन्यप्राणियों ने अनेक मवेशियों को भी अपना शिकार बनाया है. इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आष्टी वनपरिक्षेत्र अधिकारी अमोल चौधरी ने पुलिस पाटिल, सरपंच, सचिव और नागरिकों की बैठक बुलाई इसमें चौधरी ने 'वन्यप्राणी और मानव संघर्ष' विषय पर मार्गदर्शन किया.

आष्टी वनपरिक्षेत्र अधिकारी का आयोजन

'जल है तो कल है' झांकी देखने उमड़ी भीड़



संवाददाता, 22 सितंबर
खामगांव- स्थानीय चांदमारी इलाके में जय भवानी सांस्कृतिक व क्रीड़ा मंडल की ओर से बड़े उत्साह से गणेशोत्सव मनाया जा रहा है. मंडल ने इस वर्ष जल है तो कल है, नहीं तो बहुत बुरा आने वाला पल है इस डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से जल बचाओ का संदेश दिया है, जिसे देखने यहां भीड़ उमड़ रही है. पूर्व विधायक दिलीपकुमार सानंदा ने 20 सितंबर को यहां पहुंचकर श्री गणेशजी की आरती की. उन्हें मंडल के नारायण गायकवाड़ ने शॉल, श्रीफल व पुष्पमाला देकर सम्मान किया. संतोष टाले, प्रवीण कदम, अशोक मुले आदि उपस्थित थे.

'विदर्भ का राजा' की सानंदा ने की आरती

विदर्भ में सबसे अमीर गणपति बाप्पा के नाम से स्थानीय राणा नवयुवक मंडल के गणपति सभी ओर सुविख्यात हैं. इस गणेश मूर्ति पर 70 लाख रुपए के जेवरात हैं.

20 सितंबर को पूर्व विधायक दिलीपकुमार सानंदा ने मंडल में पहुंचकर श्री गणपति की आरती की. उनके साथ एपीएमसी सभापति टाले, नगरसेवक प्रवीण कदम, अशोक मुले, तुषार चंदेल, रवींद्रकुमार सानंदा, पूर्व पार्षद अशोक चव्हाण उपस्थित थे.

रेवाड़ी एकादशी निमित्त निकली भव्य शोभायात्रा

संवाददाता, 22 सितंबर
मालेगांव - मालेगांव शहर में रेवाड़ी एकादशी निमित्त शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई. बता दें कि जन्माष्टमी से 12 वें दिन एकादशी को भगवान श्रीकृष्ण का नामकरण विधि निमित्त शोभायात्रा का आयोजन हर वर्ष किया जाता है. शुक्रवार को इस शोभायात्रा की शुरुआत स्थानीय शिव चौक स्थित श्रीराम मंदिर से की गई. इसके लिए भक्तों ने बड़े ही श्रद्धाभाव के साथ सुंदर, आकर्षक पालकी सजाई थी. इस पालकी में सजी भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण की चांदी की मूर्तियों को देखकर भक्त मंत्रमुग्ध हो गए थे. पालकी आकर्षक पुष्पों से सजाई गई थी. पालकी में शहर के कई महिला-पुरुष सहभागी हुए थे. ढोल-ताशों की धुन में भक्तगण भजन गा रहे थे. यह पालकी शहर के मुख्य मार्ग से शिवचौक-गांधी चौक, सोनार गली, दुर्गा चौक, पांडे विटाल मार्ग से रामचंद्र मुंधड़ा के निवास तक पहुंची. वहां से वापस गांधी चौक मार्ग से श्रीराम मंदिर में पालकी पहुंची. इस दौरान भजन की धुन में भक्तिरस में सभी भक्त डूब गए थे. सर्वत्र भक्तिमय माहौल था.पालकी में श्यामसुंदर मुंधड़ा, राम मुंधड़ा, हरीश मुंधड़ा, प्रेमरतन भुतड़ा, बन्सीलाल जाजू, जयकिसन मालवानी, हरीश मुंधड़ा, उमेश मानधने, डॉ. राजू मुंधड़ा, सुभाष मुंधड़ा, दिनेश ऊंटवाल, रविकिरण मुंधड़ा, रामदेव जाजू, रवि भुतड़ा, श्रीराम रोडे, श्रीकिसन मानधने, संतोष जाजू, संतोष मानधने, दिनेश ऊंटवाल, राधेश्याम मानधने, विजय लवटे, नारायण साबूम, सुभाष काबरा व सैकड़ों महिला-पुरुष, भगिनी श्रीकृष्ण भक्तों ने शोभायात्रा में आध्यात्मिक आनंद के साथ पुण्यलाभ लिया.

फूलों से सजी श्रीराम-श्रीकृष्ण की पालकी

शराब तस्कर एसटी चालक गिरफ्तार

अपराध शाखा की कार्रवाई

प्रतिनिधि, 22 सितंबर
वर्धा - आगामी 2 अक्टूबर से देशभर में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मनाई जाएगी. वर्धा बापू का जिला होने से इस जिले में भी उत्साह का वातावरण है. वर्धा जिले में शराब बंदी लागू होने के बावजूद जिले में शराब तस्करी धड़ल्ले से जारी है. एस.टी. बस में शराब तस्करी का मामला सामने आने से सभी के होश उड़ गये. हिंगणघाट-अकोला मार्ग पर चलने वाले एस.टी बस का चालक देवीदास लिंबाडे बोनट में शराब की बोतलें छुपाकर तस्करी करता था. स्थानीय अपराध शाखा को इसकी जानकारी मिलने पर गुरुवार को जाल बिछाकर बस स्थानक पर बस की जांच की गई. इसमें बस चालक के सीट के पास बोनट में विदेशी शराब की 40 बोतलें मिलीं. इसकी कीमत 12 हजार रुपये बताई जाती है. लिंबाडे को गिरफ्तार कर लिया गया है.शराब पकड़ने की घटना में शराब ले जाने वाले वाहन को जब्त किया जाता है. लेकिन इस घटना में वाहन सरकारी बस होने से अब तक जब्ती की कार्रवाई नहीं की गई है. पुलिस ने जब बस की जांच की तब उसमें यात्री सवार थे. यात्रियों को परेशानी न हो इसलिए दूसरे चालक के साथ बस को रवाना किया गया. लिंबाडे बस में किसके लिए शराब लाता था, इसकी जांच जारी है. शराब बंदी लागू होने के बाद से ही वर्धा जिले में शराब की गंगा बहती है. अब तक निजी वाहनों से शराब की तस्करी की जाती थी, लेकिन पहली बार सरकारी बस में तस्करी का मामला सामने आया है.

बोनट में छिपाकर ले जाता था शराब की बोतलें

देविदास लिंबाडे

अलग-अलग तरीके अपनाते हैं तस्कर

विदर्भ के वर्धा, गढ़चिरोली और चंद्रपुर जिले में शराब बंदी लागू है. इन जिलों में शराब की तस्करी के नये-नये तरीके तस्कर अपनाते हैं. कुछ महीने पहले वर्धा जिले में एक ऑटो रिक्शे की सीट के भीतर शराब ले जाते हुए पकड़ी गयी थी. साल भर पहले एक मकान की छत पर पानी की टंकी में देशी शराब रखकर नल के द्वारा बेचने का मामला प्रकाश में आया था. रामटेक के उपविभागीय पुलिस अधिकारी की जीप से चंद्रपुर जिले में शराब तस्करी करते हुए पकड़ा गया था.